**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2603**

**उत्तर देने की तारीख : 05.08.2025**

**वृद्धजनों की बदलती आवश्यकताएं**

**2603. डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वृद्धजनों की देखभाल के लिए सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं का अध्ययन करने हेतु एक समिति गठित की है, जिससे कि वरिष्ठ नागरिकों को सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा सकें;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति के अधिकारियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या अब तक इस संबंध में कोई विभागीय बैठक आयोजित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क) से (ग):** वरिष्ठ नागरिकों की समग्र देखभाल और कल्याण के लिए कार्यनीतिक ढांचे की सिफारिश करने के लिए नीति आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में 'भारत में देखभाल अर्थव्यवस्था को सशक्त करने' के संबंध में एक समिति गठित की गई है, इस समिति में हितधारक मंत्रालयों, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, वरिष्ठ नागरिक देखभाल संगठनों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हैं।

समिति द्वारा केन्द्रीय मंत्रालयों तथा हिमाचल प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, केरल, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और पंजाब की राज्य सरकारों के साथ विचार-विमर्श किया गया है।

एक कार्यशाला भी आयोजित की गई थी जिसमें 26 राज्यों ने भाग लिया था। इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य राज्य स्तर पर चुनौतियों, पहलों और कार्यान्वित योजनाओं को समझना रहा है।

*****